भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3023

उत्तर देने की तारीख: 15.03.2021

आदर्श महाविद्यालय

3023. श्री बसंत कुमार पंडा:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में आदर्श महाविद्यालयों की स्थापना की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) गत चार वर्षों के दौरान ओडिशा के कालाहांडी और नौपाड़ा जिलों में स्थापित ऐसे आदर्श महाविद्यालयों की संख्या कितनी है; और
(घ) आगामी वर्षों में स्थापना के लिए प्रस्तावित ऐसे आदर्श महाविद्यालयों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) : शिक्षा समवर्ती सूची में होने के कारण, नए संस्थानों का निर्माण और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है। हालांकि, केंद्रीय सहायता की आवश्यकता समझते हुए, केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों की सहायता के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत, अन्य बातों के साथ साथ 130 नए मॉडल डिग्री कॉलेजों (एमडीसी) की स्थापना के लिए केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी गई है जिसमें ओडि शा के कालाहांडी और नौपाड़ा जिलों में प्रत्येक में एक-एक एमडीसी की स्थापना शामिल है, जिसे क्रमश: 2013-14 और 2018-19 में मंजूरी दी गई थी। रूसा के तहत अनुमोदित नये एमडीसी का राज्य-वार विवरण संलग्नक पर दिया गया है।

(घ): रूसा की योजना के तहत, न्यू मॉडल डिग्री कॉलेजों के घटक के तहत 130 इकाइयों के लिए केंद्रीय सहायता को मंजूरी देने की परिकल्पना की गई थी और यह लक्ष्य पहले ही प्राप्त किया जा चुका है।

*****

अनुलग्नक

'आदर्श महाविद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बसंत कुमार पंडा **द्वारा दिनांक 15.03.2021 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3023 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

नए मॉडल डिग्री कॉलेजों की संख्या जिसके लिए रूसा के तहत केंद्रीय सहायता स्वीकृत है

क्र.सं.	**राज्य**	**न्यू मॉडल डिग्री कॉलेज के घटक के तहत अनुमोदित इकाइयों की संख्या**
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1
2.	आंध्र प्रदेश	8
3.	अरुणाचल प्रदेश	2
4.	असम	5
5.	बिहार	4
6.	छत्तीसगढ	11
7.	हरियाणा	1
8.	हिमाचल प्रदेश	2
9.	जम्मू और कश्मीर	3
10.	झारखंड	10
11.	कर्नाटक	2
12.	केरल	1
13.	मध्य प्रदेश	10
14.	महाराष्ट्र	2
15.	मेघालय	2
16.	नागालैंड	2
17.	ओडिशा	14
18.	पंजाब	3
19.	राजस्थान	5
20.	सिक्किम	2
21.	तेलंगाना	7
22.	त्रिपुरा	4
23.	उत्तर प्रदेश	26
24.	उत्तराखंड	3
	कुल	**130**

*****